ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का **22वाँ स्थापना दिवस** हाल ही में **"भारत में विद्युतीकरण और डीकार्बोनाइजेशन के माध्यम से ऊर्जा संक्रमण" थीम** के साथ मनाया गया और साथ ही राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2023 भी जारी किया गया।

राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (SEEI) 2023 क्या है?

- **परिचय:**
  - यह सूचकांक का 5वाँ संस्करण है, जिसे विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा एलायंस फॉर एन एनर्जी-एफिशिएंट इकोनॉमी (ऊर्जा दक्ष अर्थव्यवस्था हेतु गठबंधन: AEEE) के सहयोग से विकसित किया गया है।
  - यह गुणात्मक, मात्रात्मक तथा परिणाम-आधारित उपायों सहित 65 संकेतकों का उपयोग करके **सात मांग क्षेत्रों** में 36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है।
  - **SEEI 2023** में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को उनके कुल योग के स्कोर अनुसार 'फ्रंट रनर' (>=60), 'अचीवर' (50-59.75), 'कंटेंडर' (30-49.75) तथा 'एस्पिरेंट' (<30) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
  - राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भी **सहकर्मी-से-सहकर्मी प्रदर्शन तुलना** के लिये उनकी कुल अंतिम ऊर्जा व्यय (TFEC) के आधार पर **चार समूहों में वर्गीकृत** किया गया है: समूह 1 [>15 मिलियन टन तेल समकक्ष (MTOE)], समूह 2 [5-15 MTOE)], समूह 3 [1-5 (MTOE)] और समूह 4 [<1 (MTOE)]।
    - प्रत्येक समूह में **शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य** कर्नाटक (समूह 1), आंध्र प्रदेश (समूह 2), असम (समूह 3) और चंडीगढ़ (समूह 4) हैं।



Framework for SEEI 2023

//

- **SEEI 2023 के मुख्य निष्कर्ष:**
  - फ्रंट रनर (>=60):
    - SEEI 2023 में **'फ्रंट रनर'** श्रेणी में **सात राज्य:** कर्नाटक (स्कोर 86.5), आंध्र प्रदेश (83.25), हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब और तेलंगाना।
  - अचीवर (50-59.75):
    - दो राज्य, **असम** और **उत्तर प्रदेश** 'अचीवर' श्रेणी में हैं,
  - कंटेंडर (30-49.75):
    - तीन राज्य, **गोवा, झारखंड** और **तमिलनाडु**, 'कंटेंडर/दावेदार' श्रेणी में हैं।
  - अस्पिरेंट (<30):
    - **महाराष्ट्र** और **हरियाणा** क्रमशः 18.5 और 17 अंकों की वृद्धि के साथ सबसे बेहतर राज्य हैं।
  - SEEI 2021-22 की तुलना में **15 राज्यों ने** अपने स्कोर में **सुधार किया** है।
  - **राजस्थान** में **स्कोर में काफी गिरावट** देखी गई, जिसका मुख्य कारण **रिपोर्ट किये गए डेटा में कमी** है।

Figure 1: Performance of states and UTs under SEEI 2023

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE):

- **BEE** की स्थापना 1 मार्च 2002 को **ऊर्जा मंत्रालय** के तहत **ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001** के प्रावधानों के तहत की गई थी।
- BEE का मिशन भारतीय अर्थव्यवस्था की **ऊर्जा की बढ़ती मांग** को कम करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ऊर्जा दक्षता के लिये **नीतियों** और रणनीतियों **को विकसित करने में सहायता** प्रदान करना है।
- **कार्य:** यह **ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001** में उल्लिखित **नियामक और संवर्द्धन कार्यों** के लिये उत्तरदायी है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

???????????:

प्रश्न. निम्नलिखित में से किसमें आप ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency) का स्टार

1. लेबल पाते हैं? (2016)

2. छत के (सीलिग) पंखे
3. विद्युत् गीज़र
4. नलिकारूप प्रतिदीप्ति (ट्यूबुलर फ्लूओरेसेंट) लैंप

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bureau-of-energy-efficiency